# कांगड़ा बनेगी पर्यटन राजधानी: सुखविंदर सिंह सुक्खू

## आधुनिक सुविधाओं के आधार पर विकसित होगा पर्यटन क्षेत्र का आधारभूत ढांचा

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन श्र्मा**
मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि पर्यटन राज्य की अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार है। प्रदेश सरकार राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कांगड़ा जिला को पर्यटन राजधानी के तौर पर विकसित करने के लिए हर सम्भव प्रयास कर रही है। इस दिशा में सरकार ने कांगड़ा जिला में विभिन्न परियोजनाओं का ब्लूप्रिंट तैयार किया है, जिसका उद्देश्य पर्यटकों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाना है ताकि पर्यटकों का अनुभव देवभूमि के प्रति और बेहतर हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांगड़ा जिला में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। यहां सुंदर धौलाधार पर्वत, ऐतिहासिक मंदिर और साहसिक गतिविधियों की अपार संभावनाएं विद्यमान हैं। राज्य सरकार जिला कांगड़ा में पारम्परिक पर्यटक स्थलों में आधारभूत ढांचा विकसित करने के लिए एशियन डिवेल्पमेंट बैंक द्वारा स्वीकृत 390



करोड़ रुपये व्यय करेगी। इससे जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने से स्थानीय युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर सृजित होंगे। इसके साथ राज्य की आर्थिकी भी सशक्त होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने कांगड़ा जिला के धरोहर गांव परागपुर में अंतरराष्ट्रीय स्तर का गोल्फ कोर्स बनाने का निर्णय लिया है। पालमपुर क्षेत्र के सौंदर्यीकरण के लिए भी कई योजनाएं तैयार की जा रही हैं, जिसमें एक उन्नत किस्म का रिजॉर्ट, 24 घंटे के लिए पर्यटन गांव, एक आधुनिक रोलर स्केटिंग रिंक और एक वेलनेस सेंटर का निर्माण करना प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने देहरा विधानसभा क्षेत्र के बनखंडी में 180 हेक्टेयर भूमि चिन्हित की है, जिसमें एक आधुनिक चिडि ?घर बनाया जाएगा। इसके लिए 300 करोड़ की अनुमानित लागत पर आधारित विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खु ने कहा कि कांगड़ा जिला को पर्यटन राजधानी के रूप में विकसित करने में धर्मशाला में पर्यटकों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर का फाउंटेन, कन्वेंशन सेंटर, फूड कोर्ट और पार्किंग की सुविधा के क्षेत्र में व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है। प्रदेश सरकार ने पौंग बांध में हाउस बोट, क्रूज, याच और जलक्रीड़ा गतिविधियों को शुरू करने का निर्णय भी लिया है। नूरपुर और नगरोटा बगवां क्षेत्र में सडक किनारे आधारभूत सुविधाओं को बढ़ावा देकर साहसिक पर्यटन के व्यवसाय को मजबूत करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नई मंजिल नई राहें योजना के तहत जिला कांगड़ा में 20.59 करोड़ रुपयेए ऐतिहासिक मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए 46 लाख रुपये जारी कर दिए गए हैं। लाखों लोगों की आस्था के प्रतीक आदि हिमानी मंदिर से चामुंडा मंदिर तक रोपवे के निर्माण के लिए भी राज्य सरकार प्रयास कर रही है। जिला में फूड क्राफ्ट संस्थान धर्मशाला को स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट के रूप में उन्नत करने के लिए 11.75 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हं।
उन्होंने कहा कि राज्य सरकार दो चरणों में कांगड़ा हवाई अड्डे के रन-वे की लम्बाई 1376 से बढ़ाकर 3010 मीटर करने की योजना बना रही है। साथ ही रक्कड़ में हेलीपोर्ट बनाने का भी प्रस्ताव है, जिसके लिए एफसीए केस अपलोड किया जा चुका है।

# हिमाचल दिवस पर पेंशनरों को डीए की किस्त देने की घोषणा करे मुख्यमंत्री: आत्माराम



**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
हिमाचल दिवस पर पेंशनरों को डीए की किस्त देने की घोषणा मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू करें। यह शब्द मंडी में शनिवार को हिमाचल पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष आत्माराम शर्मा ने कहे। उन्होंने कहा कि लंबे समय से पेंशनर मांगों को लेकर संघर्षरत है, पूर्व सरकार के समक्ष भी पेंशनरों ने कई मर्तबा अपनी मांग उठाई और अब प्रदेश में कांग्रेस सरकार सत्तासीन हैं तो उन्हें उम्मीद है कि मुख्यमंत्री पेंशनरों को हिमाचल दिवस पर सौगात देंगे । उन्होंने कहा कि प्रदेश के लाखों पेंशनरों के मेडिकल बिल और डीए की किस्त लंबित पड़ी है, जिसको लेकर पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन ने प्रदेश के सभी जिलों में बैठक कर सरकार के समक्ष अपनी मांगों को प्रमुखता से रखा है । उन्होंने कहा कि उम्र के इस पड़ाव में पेंशनर अपने हक की लड़ाई लड़ रहे है और इसको लेकर सरकार को गंभीर होना चाहिए और जो भी पैशनरों के वित्तीय भत्ते हैं उनको जल्द जारी करना चाहिए ताकि पैशनर सुखी से अपना जीवन व्यतीत कर सके।

# दिनेश गोलियां ने जीता हिंद केसरी का खिताब

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
जिला मंडी के बलद्वाडा में हिंद केसरी दंगल का आयोजन किया गया। हिंद केसरी खिताब के लिए दिनेश गोलियां व विनिया जम्मू के बीच मुकाबला हुआ। दिनेश गोलियां ने विनिया को पटकनी देते हुए



खिताब अपने नाम कर लिया। विजेता पहलवान को 75000 हजार रुपये तथा गुर्ज व उपविजेता को 50000हजार रुपये व ट्राफी दी गई। स्पेशल कुश्ती मेजर डेरा बाबा नानक व राजू रेईयां वाला के बीच कराई गई। कुश्ती बराबरी पर रही। दोनों को 40000 हजार रुपये दिए गए। बड़ी माली की कुश्ती फारूक व पीटी के बीच हुई जिसमें फारूक विजेता तथा पीटी उपविजेता रहा। विजेता पहलवान को 11000 हजार रुपये तथा उपविजेता को 9000 हजार रुपये दिए गए। छोटी माली का मुकाबला मखन चंडीगढ़ व अमन राई वाला के बीच हुआ जिस में मखन विजेता तथा अमन उपविजेता रहा। विजेता पहलवान को 5100 रुपये तथा उपविजेता को 4100 सौ रुपए दिए गए। विजेता उपविजेता पहलवानों को सरकाघाट के विधायक दलीप ठाकुर ने सम्मानित किया। इस अवसर पर बलद्वाडा पंचायत की प्रधान ज्ञानो देवी कुश्ती कमेटी के प्रधान अशोक शर्मा कमेटी के सचिव रमेश ठाकुर अरविंद ठाकुर कैप्टन चौधरी राम ठाकुर सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# गोविंदगढ़ फुटबॉल एसोसिएशन द्वारा नाहन में प्रतियोगिता का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**
नाहन शहर के ऐतिहासिक चौगान मैदान में गोबिंदगढ़ फुटबॉल एसोसिएशन द्वारा तीन दिवसीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ आज जिला गौ रक्षा प्रमुख विश्व हिंदू परिषद सतीश कुमार ने किया। इस प्रतियोगिता में ना केवल जिला सिरमौर बल्कि साथ लगते पड़ोसी राज्यों की टीमें भी हिस्सा लेगी। प्रतियोगिता में 3 दर्जन से अधिक टीमें अपनी उपस्थिति दर्ज करवाएगी प्रतियोगिता दो वर्गो में खेली जाएंगी। जिसमें अंडर-19



ओपन वर्ग शामिल है। मीडिया से बात करते हुए गोरक्षा प्रमुख विश्व हिंदू परिषद सतीश कुमार ने गोविंदगढ़ फुटबॉल एसोसिएशन के प्रयासों की सराहना की और कहा कि ऐसे समय में युवाओं को खेलों से जोड़ना बेहद जरूरी है।

# कोरोना से युवती व बुजुर्ग की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
हिमाचल प्रदेश में कोरोना एक बार फिर से लोगों को डराने लगा है। मंडी के नेरचौक मेडिकल कॉलेज में दो दिनों में 2 लोगों की मौत हो चुकी है। मृतकों में कोरोना संक्रमित पाई गई 19 वर्षीय युवती बिलासपुर और 63 वर्षीय बुजुर्ग जिला कुल्लू का रहने वाला था। इन दोनों मरीजों के इनके जिले में कोविड-19 का कोई भी टेस्ट नहीं किया गया था। युवती की मौत 6 अप्रैल को हुई और बुजुर्ग की मौत 7 अप्रैल को हुई है। दोनों मरीजों में कोरोना संक्रमण के साथ अन्य बीमारियों के भी लक्षण पाए गए थे।
बिलासपुर की 19 वर्षीय युवती



को 27 मार्च को नेरचौक मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। 30 मार्च को युवती कोरोना पॉजिटिव निकली। रिपोर्ट के अनुसार कोरोना संक्रमण के साथए पलमोनरी ट्यूबरक्लोसिस, ट्रांसएमिनाटिस, वायरल हेपेटाइटिस से 19 वर्षीय युवती की मौत हुई है। 63 वर्षीय बुजुर्ग में ग्लोटिक कैंसर, कार्डियोवैस्कुलर ऑटोनॉमिक न्यूरोपैथी बीमारी के साथ कोरोना वायरस के लक्षण पाए गए थे। इसके साथ ही मंडी जिला में अब कोरोना के एक्टिव केस 320 व कोरोना संक्रमित मरीजों का आंकड़ा 43 हजार 770 हो गया है। कोरोना से मरने वालों की संख्या 516 से बढ़कर 518 हो गई है।
सीएमओ मंडी डॉ. एनके भारद्वाज ने मामलों की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण को लोग हल्के में न लें। सर्दी खांसी व कोरोना संक्रमण जैसे लक्षण होने पर मास्क का प्रयोग करें। जिला के अस्पतालों में बिना मास्क प्रवेश करने पर 500 रुपये जुर्माना रखा गया है।

## न्यूज फ्लैश

### मतदाता सूची में आपत्ति 20 अप्रैल तक करें दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**
निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं एसडीएम नाहन रजनेश कुमार ने 56-नाहन विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूचियों के प्रकाशन का नोटिस जारी करते हुए सूचित किया है कि 56-नाहन निर्वाचन सभा क्षेत्र की मतदाता सूचियों का प्रकाशन कर लिया गया है। इन सूचियों की प्रति आम जनमानस के निरीक्षण के लिए उनके कार्यालय के अलावा सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तहसीलदार नाहन तथा पांवटा साहिब के कार्यालय में उपलब्ध हैं। इसके अलावा मतदाता सूची का भाग संबंधित मतदान केन्द्र पर भी उपलब्ध करवाया गया है। एसडीएम ने बताया कि पहली अप्रैल 2023 को अर्हता तिथि के आधार पर मतदाता सूचियों को तैयार किया गया है। मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाने अथवा इंदराज में किसी प्रकार की त्रुटि को लेकर दावा या आपत्ति 5 अप्रैल से 20 अप्रैल 2023 तक फार्म 6, 6बी, 7 या 8 में आपत्ति के अनुसार प्रस्तुत किया जा सकता है। यह दावा एसडीएम के कार्यालय में अथवा संबंधित सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तहसीलदार नाहन तथा पांवटा साहिब के कार्यालय में या फिर मतदान केन्द्र पर अधिकृत अधिकारी के पास 5 अप्रैल से 20 अप्रैल 2023 के बीच निजी तौर पर अथवा डाक के माध्यम से प्रस्तुत करने की अपील की गई है।

### युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों को पुन: पदों पर किया बहाल

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
राहुल गांधी के समर्थन में कांग्रेस द्वारा किए जा रहे धरने प्रदर्शनों में भाग नहीं लेने वाले और उसके बाद पद मुक्त किए गए हिमाचल प्रदेश युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों को फिर से उनके पदों पर बहाल दिया गया है। गौरतलब है कि राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द किए जाने के बाद कांग्रेस द्वारा देश भर में आंदोलन शुरू किए गए थे, हालांकि इसी दौरान इन धरने प्रदर्शनों में भाग नहीं लेने के चलते जिला युवा कांग्रेस के तहत विभिन्न ब्लॉक अध्यक्षों को पदाधिकारियों को भी पद मुक्त करने का फैसला लिया गया था। जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष राघव ठाकुर ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि कांग्रेस हाईकमान द्वारा पद मुक्त किए गए ऊना ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप रतन भारद्वाज, कार्यकारी अध्यक्ष पंकज चौधरी, गगरेट युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमन ठाकुर, चिंतपूर्णी युवा कांग्रेस अध्यक्ष शमशेर अली और चिंतपूर्णी युवा कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष रोहित कालिया के ओहदों को फिर से बहाल कर दिया गया है।

# विक्रमादित्य सिंह ने रामपुर सर्किट हाउस में ली अधिकारियों की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/रामपुर बुशहर/लिहांटू**
हिमाचल प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री व युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने गत दिवस रामपुर सर्किट हाउस में अधिकारियों की बैठक ली और उन्हें विकास कार्यों को गति देने के निर्देश दिए।उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से 100 करोड रुपए की प्रस्तावित टिककर-खमाड़ी सडक पर विस्तृत चर्चा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए ताकि ननखड़ी क्षेत्र की 15 पंचायतों के लोगों को सडक का लाभ मिल सके। उन्होंने महात्मा गांधी चिकित्सा संस्थान खनेरी के ट्रामा वार्ड के कार्य,



राजकीय महाविद्यालय ननखड़ी, दत्तनगर स्पोर्ट्स हॉस्टल, पीजी कॉलेज रामपुर के साइंस भवन और महात्मा गांधी इंजीनियरिंग कॉलेज ज्यूरी के निर्माण कार्य पर गहनता से विचार-विमर्श किया और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से इस संदर्भ में सीधा संवाद स्थापित किया। लोक निर्माण मंत्री ने वन विभाग के अधिकारियों को वन अधिकार अधिनियम एवं वन संरक्षण अधिनियम के तहत त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए ताकि रामपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास की गति को बल मिल सके और सुदृढ़ संपर्क मार्गो के माध्यम से ग्रामीण लोगों की आर्थिकी को संबल मिल सके। उन्होंने जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को कुरपान खड़ से ननखड़ी, समेज खड़ से सरपारा परियोजनाओं पर विस्तृत चर्चा की और रामपुर शहर की सीवरेज व्यवस्था पर जानकारी प्राप्त की। विक्रमादित्य सिंह ने लुहरी परियोजना अधिकारियों को स्थानीय युवाओं को रोजगार में प्राथमिकता देने का आह्वान किया ताकि स्थानीय हित धारकों के हितों की रक्षा संभव हो सके और उन्हें भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 के तहत स्थाई रोजगार मिल सके।
उन्होंने रामपुर विधानसभा क्षेत्र के दुर्गम क्षेत्र 15/20 में संपर्क मार्गो तथा हिमाचल पथ परिवहन निगम के अधिकारियों को नियमित बस सेवाएं प्रदान करने पर आदेश दिए ताकि दुर्गम क्षेत्र के लोगों को राहत मिल सके।
विक्रमादित्य सिंह ने नाबार्ड की योजनाओं, तकलेच व ननखड़ी में बस स्टैंड निर्माण कार्य की समीक्षा की और राष्ट्रीय राजमार्ग 05 के उचित रखरखाव पर बल दिया। इस दौरान लोक निर्माण मंत्री ने स्थानीय लोगों की जन समस्याएं सुनी और उनका त्वरित निवारण भी किया।

### छेत्रां में अवैध शराब सहित एक काबू

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
पुलिस थाना हरोली के तहत छेत्रां में पुलिस ने एक व्यक्ति को अवैध शराब सहित काबू किया है। पुलिस ने अवैध शराब रखने के आरोप में व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार देर शाम हरोली पुलिस छेत्रां में यातायात चेकिंग कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने एक खोखानुमा शैड की तलाशी ली, जहां से पुलिस ने चार पेटी अवैध शराब बरामद की। पुलिस ने अवैध शराब रखने पर सुनील कुमार निवासी छेत्रां को काबू किया।

# श्री हनुमान जी के जन्मोत्सव पर आरती का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**
विश्व हिन्दू परिषद् एवं बजरंग दल पांवटा साहिब प्रखण्ड द्वारा श्री हनुमान जी जन्मोत्सव के पवित्र महापर्व के शुभअवसर पर भव्य शौर्य संचलन वाहन रैली, श्री हनुमान चालीसा पाठ एवं नो आरतीयों सहित सामूहिक महाआरती का आयोजन हुआ। इस भव्य महोत्सव में सैकड़ों विश्व हिन्दू परिषद् एवं बजरंग दल के दायित्ववान कार्यकताओं सहित हिन्दू परिवारों ने बढ़ चढकर भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विश्व हिन्दू परिषद्



हिमाचल प्रदेश प्रान्त के प्रदेश मठ-मन्दिर प्रमुख दीपक भण्डारी, सिरमौर जिला मंत्री सुनील चौधरी, बजरंग दल जिला सह संयोजक अंकित पांडेय, बजरंग दल जिला गौरक्षा प्रमुख संदीप चौधरी, प्रखण्ड संरक्षक अतिकांत वर्मा, प्रखण्ड कार्याध्यक्ष सुशील तोमर, प्रखण्ड सह संयोजक बजरंग दल संदीप चौहान, प्रखण्ड सह संयोजक अशोक चौधरी, प्रखण्ड सह सुरक्षा प्रमुख जसवीर चौधरी, प्रखंड सह गौ रक्षा प्रमुख अनिल चौधरी, मन्दिर समिति से पुजारी, अध्यक्ष, समिति सदस्य सागर थापा, पंचायत सह संयोजक बजरंग दल निखिल चौहान, गौरक्षा प्रमुख अंकित चौहान, रौनक तोमर, प्रशिक्षण प्रमुख शुभम चौहान, सह गौरक्षा प्रमुख अर्जुन, मयंक शर्मा, राहुल कश्यप बाबा, रजत थापा, अभिषेक, राहुल कुमार, विक्रम सिंह, सुरेंद्र चौहान, अनिल चौहान, सोनू आदि सैकड़ों कार्यकताओं ने इस कार्यक्रम में पूर्ण रूप से भाग लेकर प्रभु श्री रामचंद्र जी के अनन्य भक्त बल बुद्धि के दाता हम सभी के आराध्य जी का आशीर्वाद प्राप्त किया।

# सिरमौर में कोरोना से वर्ष की पहली मौत

## जिला में कोरोना पॉजिटिव के 104 मामलेए 3 मेडिकल कॉलेज कोविड वार्ड में एडमिट



**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**
सिरमौर में वर्ष 2023 की कोरोना से पहली मौत दर्ज की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उपमंडल राजगढ़ के गांव नेहरटी भगोट निवासी 68 वर्षीय नरसिंह करीब 4 दिनों से नाहन मेडिकल कॉलेज के कोविड. वार्ड में एडमिट था। हालांकि मृतक व्यक्ति को हृदय और सांस संबंधी तकलीफ पहले से ही थी उसी के चलते मरीज को राजगढ़ करीब 5 दिन पहले एडमिट किया गया था। राजगढ़ अस्पताल में हालत बिगड़ती देख नरसिंह को नाहन मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया था। इलाज के दौरान ही मेडिकल कॉलेज प्रबंधन के द्वारा सुरक्षा के मद्देनजर नरसिंह का कोरोना वायरस टेस्ट भी किया गयाए जिसमें उसकी रिपोर्ट पॉजिटिव पाई गई। नरसिंह को कोरोना वार्ड में एडमिट कर दिया गया थाए जहां उसका इलाज चल रहा था। मगर 8 अप्रैल सुबह 7 बजे शनिवार को कार्डिया आघात के चलते नरसिंह दुनिया को अलविदा कह गया। बताया जा रहा है कि नर्सिंग नेपाली मूल का है जो कि अपने परिवार सहित बचपन से ही पोस्ट ऑफिस जदोल टपरोली के नेहरटी भगोट में रह रहा था। जिला सिरमौर में सबसे अच्छी बात तो यह है कि कोरोना से मरने वाले व्यक्ति को उसके घर तक पहुंचाने के लिए राम सिंह जैसे समाज सेवक का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। समाज सेवक राम सिंह आज भी जैसे ही उसको कोरोना से हुई मौत का पता चला वह तुरंत एंबुलेंस के साथ अस्पताल पहुंच गया था। कोरोना वॉरियर्स की टीम के साथ राम सिंह मृतक का शव लेकर राजगढ़ के लिए रवाना हो गया था। बड़ी बात तो यह भी है कि मृतक का अंतिम संस्कार भी राम सिंह व साथ में गए मेडिकल कॉलेज के कोरोना वॉरियर्स के द्वारा ही किया जाएगा।

# गांव को कैसे बनाए स्मार्ट, विज्ञान मेले में छात्रों ने प्रस्तुत किया स्मार्ट विलेज मॉडल

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
ग्रामीण क्षेत्रों में छुपी प्रतिभाओं को उभारने और उन्हें मंच प्रदान करने की दिशा में किया गया ईमानदार प्रयास, हमेशा कामयाब होता है। इस बात को करसोग नलवाड़ मेले के इस वर्ष के पुस्तक, विज्ञान मेला और करियर काउंसलिंग थीम ने एक बार पुनः साबित किया है। उपमंडल प्रशासन और मेला समिति के सकारात्मक प्रयासों से करसोग के सात दिवसीय जिला स्तरीय नलवाड़ मेले को पहली बार थीम बेस्ड मनाया गया। जिसका थीम पुस्तकए विज्ञान मेला और करियर काउंसलिंग रखा गया था और यह थीम नलवाड़ मेले के दौरान युवा छात्रों को विज्ञान और पुस्तकों से



जोड़ने में बेहद कामयाब रहा। नलवाड़ मेले के दौरान आयोजित विज्ञान मेले में ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में छुपी एक से बढकर एक प्रतिभा उभर कर सामने आई और उन्होंने विज्ञान के प्रति अपनी रूचि को उजागर करते हुए एक से बढकर एक विज्ञान आधारित मॉडल इस मेले में प्रदर्शित कर सबको चैंकाया है। बेशक हम अभी तक, स्मार्ट सिटी की ही बात करते आए है लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में छुपी प्रतिभाएं शहरों से आगे बढकर गांव को स्मार्ट बनाने की दिशा में सोचने लगी है, जो करसोग के नलवाड़ मेले में आयोजित विज्ञान मेले में सामने आया है। विज्ञान मेले में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पांगणा की छात्रा सरवांशी गुप्ता और उसकी टीम में शामिल निलाक्षी जंवाल और सन्नी वर्मा ने स्मार्ट विलेज आधारित मॉडल प्रस्तुत कर सबको सोचने पर मजबूर किया है। स्मार्ट विलेज के इस मॉडल में इन स्कूली छात्रों ने बताया है कि गांव को कैसे स्मार्ट बनाया जा सकता है। इनका मानना है कि गांव को स्मार्ट बनाने के लिए गांव में ही रोड साइड दुकानों में टेक्नोलॉजी पर आधारित सुविधाएं उपलब्ध करवाने से गांव को भी स्मार्ट बनाया जा सकता है। गांव में अच्छे अस्पताल, बैंकिंग संस्थान, पोस्ट ऑफिस के साथ-साथ तकनीकि आधारित सुविधाएं प्रदान किए जाने से गांव के लोगों को अपने घर द्वार के समीप ही अत्याधुनिक सुविधाएं मिलेगी और उन्हें सुविधाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए शहरों का रूख नहीं करना पड़ेगा। स्मार्ट विलेज के इस मॉडल को देखकर आईआईटी दिल्ली की एक्सपर्ट टीम भी हैरान थी, जिसे करसोग के इस विज्ञान मेले में एक्सपर्ट के रूप में बुलाया गया था। स्मार्ट विलेज के इस मॉडल को देखकर एक्सपर्ट टीम भी मॉडल की सराहना करने से अपने आप को नहीं रोक पाई और उन्होंने सरवांशी गुप्ता और उसकी टीम निलाक्षी जंवाल और सन्नी वर्मा द्वारा प्रस्तुत किए गए विज्ञान मॉडल को ऑल ओवर विजेता घोषित किया। विज्ञान मेले में कुल 33 प्रतिभागियों ने विज्ञान आधारित चार वर्गों में अपने-अपने मॉडल प्रस्तुत किए।

### अंडर-19 क्रिकेट प्रतियोगिता टीम के लिए ट्रायल आज

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित तीन दिवसीय अंतर जिला अंडर-19 लडकों की क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए जिला ऊना की क्रिकेट टीम के लिये चयन 9 अप्रैल दिन रविवार को सुबह 9:30 बजे इंदिरा ग्राउंड में होगा। यह जानकारी जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष मदन पुरी ने दी। उन्होंने बताया कि ट्रायल में वही खिलाड़ी हिस्सा ले सकते, जो हिमाचली बोनाफाइड हो और जन्म तिथि 1 सितंबर 2004 या इसके बाद की हो। सभी खिलाड़ी अपने आयु प्रमाण पत्र साथ लेकर आएं।

